तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4

बालको टाउनशिप में फॉरेस्ट वॉकवे बना प्रकृति और स्वास्थ्य का नया केंद्र




## खबर संक्षेप

### बालको साहू समाज 5 अप्रैल को मनाएगा कर्मा जयंती

**कोरबा।** बालको साहू समाज द्वारा कर्मा जयंती का आयोजन किया जा रहा है जो पूरे बालकोनगर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बीते दिनों साहू सदन में समाज के पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों एवं सदस्यों की उपस्थिति में आयोजन संबंधी मीटिंग संपन्न हुई जिसके अनुसार यह आयोजन 5 अप्रेल को दोपहर 3 बजे से प्रारंभ होगा। समाज के महासचिव डिकेश्वर साहू ने बताया कि इस अवसर पर समाज के नारी शक्तियों द्वारा भव्य व दिव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी जो साहू सदन बालको से प्रारंभ होकर सिविक सेंटर होते हुए बालको बस स्टेंड पर समाप्त होगी। जहां यात्रा के पश्चात महाप्रसादी के रुप में सभी आमजनों के लिए खिचड़ी प्रसादी व शरबत वितरण का कार्य किया जाएगा।

### बजरंग चौक दीपका फाटक आज रहेगा बंद

**दीपका।** दीपका क्षेत्र के बजरंग चौक स्थित रेलवे फाटक पर 3 अप्रैल को रेल लाइन मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना रेल विभाग द्वारा जारी की गई है। जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक बजरंग चौक दीपका फाटक पर पूरी तरह से आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान बड़े और छोटे सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा और फाटक पूरी तरह बंद रखा जाएगा। सभी प्रकार के वाहन पैदल आवाजाही भी प्रभावित रह सकती है। आवागमन के लिए नगर पालिका रोड को चालू रखा जाएगा प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे समय रहते अपने यात्रा की योजना बनाएं और असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

### ईई रोशन का हुआ तबादला, अब राजेश संभालेंगे शहर की कमान

**कोरबा।** बिजली विभाग में बड़ा प्रशासनिक बदलाव सामने आया है। विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता रोशन वर्मा का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह अब राजेश चौहान को कोरबा शहर का नया कार्यपालन अभियंता बनाया गया है। इस आदेश के बाद विभागीय हलकों में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि यह बदलाव प्रशासनिक कसावट और बेहतर बिजली व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए किया गया है। नए ईई राजेश चौहान के सामने शहर में निर्बाध बिजली सप्लाई, मेंटेनेंस और उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित समाधान जैसी बड़ी जिम्मेदारियां होंगी।

### सड़क किनारे लगी दुकानो, गाडियों की पार्किंग से हो रही दुर्घटनाएं

**कोरबा।** कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर सडक की स्थिति बेहतर तो कर ली गई लेकिन यहां कई तरह की खराबियां उत्पन्न होने से आये दिन हादसे हो रहे हैं। वैशाली नगर खमरिया में फोरलेन के किनारे पंचर से लेकर कई दुकाने अवैध रूप से खुल गई है। दूसरी ओर सडक पर ट्रक की अवैध पार्किंग के कारण सामने का हिस्सा नजर नहीं आता। इसलिए भी घटनाएं हो रही है। वैशाली नगर पुनर्वास क्षेत्र में मुख्य मार्ग के किनारे अतिक्रमण का सिलसिला जोर पकड़ रहा है। पहले यहां एक दुकान खुली। इसके बाद अब पंचर से लेकर कई प्रकार की दुकानें शुरू हो गई है। धीरे-धीरे आसपास की खाली पड़ी जमीन को कब्जाने की मंशा है। इस आधार पर आगे पत्रे्र की मांग करने का अधिकार तो मिल ही सकता है। मौजूदा स्थिति में अवैध दुकानों के खुलने से बड़ी समस्या सामने आ गई और वह है पार्किंग की। बताया जा रहा है कि मनमाने तरीके से इन्हीं दुकानों के ठीक सामने फोरलेन पर रात में सैकड़ों मीटर तक वाहनों को पार कर दिया जा रहा है। गाडियों का स्टाफ यहां पर आराम फरमाता है।

# कोल इंडिया ने बढ़ाई कोयले की कीमत, 0.24 फीसदी की बढ़ोतरी

## एसईसीएल सहित सभी अनुषंगी कंपनियों को जारी की गई अधिसूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया ने एक अप्रैल से कोयले की कीमतों में संशोधन कर दिया है। यह बदलाव डब्ल्यूपीआई के आधार पर किया गया है, जो हर साल दिसंबर के आंकड़ों के अनुसार तय होता है। कंपनी के अनुसार दिसंबर 2024 में डब्ल्यूपीआई 155.7 था जो दिसंबर 2025 में बढ़कर 157.2 हो गया। यानी करीब 0.96 फीसदी की वृद्धि हुई। हालांकि नियम के अनुसार इसका केवल 25 फीसदी ही लागू किया गया, जिससे कीमतों में 0.24 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है।

इस संबंध में कोल इंडिया ने एसईसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल और सीसीएल समेत अन्य सभी अनुषंगी कंपनियों को अधिसूचना जारी कर दी है। इस नये संशोधित मॉड्यूलेटेड प्राइस को 1 अप्रैल 2026 की मध्यरात्रि से लागू कर दिया जायेगा। यह कीमतें नॉन-रेगुलेटेड सेक्टर (एनआरएस) के लिए लागू होंगी। साथ ही ई-ऑक्शन में बेस प्राइस के रूप में इस्तेमाल होंगी। कोल इंडिया ने अपनी सभी सहायक कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे नयी दरों को लागू करें। साथ ही उपभोक्ताओं को भी इसकी जानकारी दें। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि ई-ऑक्शन में मिलने वाला प्रीमियम इन बेस कीमतों के ऊपर लागू होगा। वहीं कोकिंग और वॉस्ड कोयले की कीमतें भी इसी फार्मूले के आधार पर अलग से तय की जायेंगी। कोल इंडिया के मुताबिक यह निर्णय कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता और बाजार के अनुरूप मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है।

**खास बातें**

- कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता और बाजार अनुरूप मूल्य निर्धारण सुनिश्चित करने लिया गया निर्णय



### नयी दरों के अनुसार विभिन्न ग्रेड के कोयले की कीमत

| ग्रेड | नई दर (रुपया में) | ग्रेड | नई दर (रुपया में | ग्रेड | नई दर (रुपया में |
|---|---|---|---|---|---|
| जी-1 | 0000 | जी-8 | 1931 | जी-15 | 737 |
| जी-2 | 3600 | जी-9 | 1506 | जी-16 | 631 |
| जी-3 | 3449 | जी-10 | 1360 | जी-17 | 561 |
| जी-4 | 3287 | जी-11 | 1184 | लो ग्रेड | 534 |
| जी-5 | 3005 | जी-12 | 1101 | लो ग्रेड | 507 |
| जी-6 | 2761 | जी-13 | 1016 | | |
| जी-7 | 2540 | जी-14 | 930 | | |

## प्रशासन की टास्क फोर्स की बैठक में दिए जाने वाले निर्देश का नहीं दिख रहा असर

# जिले के अधिकांश ब्लैक स्पॉट पर नहीं लगे संकेतक, हो रहे हादसे



कटघोरा मार्ग पर ढेंगुरनाला पुल में बिना संकेतक हादसों का आमंत्रण देता अंधा मोड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन में होने वाली टास्क फोर्स की बैठक में हमेशा जिले के हादसों वाले स्थल को चिन्हांकित करने के लिए निर्माण एजेंसियों को दिए जाने वाले निर्देश का असर शहर में नजर नहीं आ रहा है। सीएसईबी चौक से लेकर ध्यानचंद चौक तक जाने वाली सड़क में पुराने पावर हाउस के समीप अंधा मोड़ हादसों का सबसे बड़ा स्थल बन चुका है। जहां संकेतक बोर्ड विभागों ने अभी तक नहीं लगाया है।

हादसों के लिए कटघोरा अंबिकापुर नेशनल हाइवे के लिए ही सड़क सुरक्षा समिति और टास्क फोर्स की बैठक में फोकस किया जाता है। इस मार्ग में होने वाले हादसों को गंभीरता से लेकर प्रशासन ने पीडब्ल्यूडी को ऐसे स्थल जहां हादसे ज्यादा होते हैं उनका चिन्हांकन कर ब्लैक स्पॉट के रूप में संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए थे। उसके अलावा शहरी क्षेत्र में भी ऐसे ब्लैक स्पॉट प्रमुख मार्गों में मौजूद हैं। जहां नेशनल हाइवे की तरह हुए हादसों में आम और खास दोनों की जानें जा चुकी हैं। सीएसईबी चौक से लेकर ध्यानचंद चौक तक जाने वाली टू लेन सड़क में बंद हो चुके पुराने पावर हाउस के सामने अंधा मोड़ मौजूद है। जहां कई बार हादसे हो चुके हैं। स्थिति यह होती है कि कोरबा से दर्री की ओर जाने वाले वाहन चालकों को दर्री की ओर से आने वाले वाहन नजर नहीं आते। स्थिति यह है कि

⏭ शेष पेज 3 पर

### लगाए जा रहे संकेतक

शहर के हादसे वाले स्थल मे संकेतक लगाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। जिले के अन्य स्थलों में संकेतक लगाने का कार्य किया जा रहा है।

- **जी आर जांगड़े,** कार्यपालन अभियंता, पीडब्ल्यूडी

### पुलियों में भी नहीं लगी रेलिंग

ब्लैक स्पॉट के रूप में केवल सड़क के अंधे मोड़ ही चिन्हांकित नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे पुल पुलिया भी हैं जो निर्माण के बाद से ही रेलिंग विहीन हैं। जामबहार से लेमरू तक लगभग 40 किलोमीटर लंबे मार्ग में स्थित 4 छोटी छोटी रेलिंग विहीन पुलिया मौजूद हैं। कई बार हादसे रेलिंग विहीन पुलिया के कारण भी हुए हैं। पीएमजीएसवाय विभाग को ऐसे रेलिंग विहीन पुलिया में रेलिंग लगाने के निर्देश सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए थे। लेकिन इन चारों पुलियों में आज तक रेलिंग नहीं लगी। जबकि सतरेंगा पर्यटन स्थल में जाने वाले वाहनों के आवागमन भी तेजी से बढ़ा है। उक्त मार्ग में कोरबा से डोकरमना तक यात्री बसें भी चलने लगी हैं।

### रिस्दा चौक भी है हादसे का स्थल

बालको उपनगरीय क्षेत्र में हादसे का बड़ा स्थल रिस्दा चौक पहचान बना चुका है। बालको आने जाने वाले भारी वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। सतनाम नगर ढेंगुरनाला पुल के पहले मौजूद चौक के चारों ओर दुकानें संचालित होने से चौक में वाहनों का जाम भी लगने लगा है। इस चौक में भी मोड़ होने के कारण आमने सामने से आने वाले वाहन नजर नहीं आते। जिससे हादसे हो रहे हैं। हालांकि लगातार होने वाले हादसों को देखते हुए चौक में स्पीड ब्रेकर का निर्माण जरूर किया गया है। उसके बावजूद सड़क के किनारे की दुकानें हादसों का कारण बन रही हैं।

# दो दोस्तों की एक ही फंदे पर मिली लाश, फांसी या कुछ और



जांच करती पुलिस।



मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गांव में रहने वाले दो दोस्त की लाश गांव के समीप स्थित जंगल में तेंदू के पेड़ पर फांसी के फंदे में लटकती हुई मिली है। ग्रामीणों की जब नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और गांव में सन्नाटा पसर गया। आखिर दोनों दोस्तों की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के ग्राम बेलाकछार का मामला, जांच में जुटी पुलिस, बुधवार की दोपहर दोनों घर से निकले थे

जानकारी के अनुसार पूरा मामला बालको थाना क्षेत्र के ग्राम बेला कछार में घटित हुई है। बताया जाता है इस गांव में रहने वाले प्रमोद कुमार 23 वर्ष पिता राजेंद्र कंवर, अमित माथुर 23 वर्ष पिता दीपक माथुर दोनों एक ही मोहल्ले में निवास करते हैं और एक निजी पावर प्लांट में काम करते थे। बताया जाता है कि दोनों आपस में बहुत अच्छे दोस्त थे और अक्सर दोनों एक साथ ही गांव में घूमा करते थे। बुधवार की दोपहर प्रमोद कुमार और अमित माथुर घर से घूमने के नाम पर निकले थे जिसके बाद देर शाम को वह घर नहीं लौटे थे। परिजनों को ऐसा लगा कि गांव में हनुमान जयंती की तैयारी चल रही है, दोनों वहीं काम में व्यस्त होंगे। ऐसा समझ कर परिजन रात को सो गए। गंभीरता से नहीं लिया और रात को प्रमोद कुमार और अमित माथुर घर नहीं पहुंचे अगले दिन गुरुवार की सुबह जब ग्रामीण जंगल की ओर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर जंगल के एक तेंदू पेड़ पर फांसी के फंदे में प्रमोद कुमार और अमित माथुर का शव लटका हुआ था। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना गांव में दी और देखते ही देखे या पूरी खबर पूरे गांव में फैल गई और पुलिस को भी इस मामले की सूचना दी गई लाश मिलने की सूचना पर बालको पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की गंभीरता से जांच करते हुए फांसी के फंदे पर लटके दोनों शव को नीचा उतारा। मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। परिजन भी समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर प्रमोद कुमार, अमित माथुर ने फांसी लगाई है या फिर मामला कुछ और है दोनों की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। वहीं पुलिस का कहना है की प्रथमदृष्ट्या मामला आत्महत्या फांसी का प्रतीत हो रहा है। लेकिन पुलिस पूरे मामले की गहनता से ताकि आप में जुटी हुई है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उड़ सकेगा कि दोनों युवकों ने फांसी लगाया है या फिर मामला कुछ और है।

## आदर्श नगर कुसमुंडा में गहराया जलसंकट

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के आदर्श नगर स्थित कॉलोनी में लगा वाटर फिल्टर पिछले कुछ दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे कॉलोनीवासियों को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह वाटर फिल्टर कॉलोनीवासियों के लिए पीने के पानी का मुख्य स्रोत है, जहां लोग रोज सुबह और शाम पानी भरने आते हैं लेकिन फिल्टर बंद होने के कारण लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। मुख्य सड़क के सामने स्थित होने के बावजूद यह वाटर फिल्टर हफ्ते भर से बंद पड़ा है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक इसे ठीक कराने की कोई ठोस पहल नहीं की गई है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि वे कई बार एसईसीएल अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। गर्मी के इस दौर में पानी की कमी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब एक छोटे से वाटर फिल्टर को कई दिनों तक ठीक नहीं कराया जा सकता तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनहित के बड़े मुद्दों के प्रति अधिकारी कितने गंभीर हैं। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द वाटर फिल्टर को ठीक कराया जाए ताकि लोगों को पीने के पानी की समस्या से राहत मिल सके। भीषण गर्मी में पानी जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव, प्रशासन की जिम्मेदारी पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।



# बरपाली, जिल्गा समेत एक दर्जन गांवों में लो वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गर्मी के दस्तक देते ही वनांचल क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों में पावरकट, लो वोल्टेज की समस्या फिर से शुरू हो गई है। इस क्षेत्र के ग्रामीण लगातार अधिकारियों से लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने गुहार लगा रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। पिछले 4-5 दनों से स्थिति बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ती ही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र बरपाली जिल्गा सहित आसपास के एक दर्जन गांव में लो वोल्टेज और पावरकट की समस्या का सामना करना पड़ता था। अब मौजूदा स्थिति में कोरबा जिले के करतला सब स्टेशन से बरपाली सहित आसपास के एक दर्जन गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है लेकिन इस साल भी इस क्षेत्र के रहने वाले लोगों को गर्मी के दस्तक देते ही लो वोल्टेज की समस्या व पावरकट की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पिछले 4-5 दिनों से स्थिति बनी हुई है।

⏭ शेष पेज 3 पर

## आयुक्त के निर्देश पर स्वच्छता के प्रति सतर्क निगम के स्वच्छता विभाग के अमले ने रविशंकर नगर में की कार्यवाही

# सेनेटरी वेस्ट सड़क फेंकने वालों पर लगाया गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं उनकी टीम ने कार्यवाही करते हुये सेनेटरी वेस्ट सड़क पर फेंकने वाले व्यक्ति पर अर्थदण्ड लगाया, सेनेटरी वेस्ट खुला सड़क पर फेंकने पर निगम ने पहली बार यह कार्यवाही की है। स्वच्छता अमले ने संबंधित को कड़ी हिदायत भी दी कि यदि उनके द्वारा दोबारा यह कृत्य किया जाता है तो और अधिक कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

शहर को गंदा करने व सड़क, नाली एवं सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलाने वालों पर निगम ने कड़ा रूख अपनाया हुआ है, एक ओर जहॉं नियमित सफाई कार्यो के साथ-साथ विशेष अभियान चलाकर निगम द्वारा शहर को साफ-सुथरा व सुंदर बनाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी ओर निगम के सम्पूर्ण क्षेत्र में डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की त्रुटिरहित व्यवस्था संचालित कर घर-घर से कचरे का संग्रहण कराया जा रहा है, किन्तु कतिपय लोग शहर को गंदा करने, गंदगी फैलाने एवं घरों दुकानों से उत्सर्जित अपशिष्ट को सार्वजनिक स्थान, सड़क व नाली में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसके परिणाम स्वरूप शहर की स्वच्छता प्रभावित होती है तथा कोरबा को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने के निगम के प्रयासों को धक्का लग रहा है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर निगम के स्वच्छता विभाग के अमले ने अब इस दिशा में और अधिक कड़ा रूख अख्तियार किया है तथा सड़क पर कचरा डालने वालों पर उनके द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। निगम के पं.रविशंकर शुक्ल नगर कालोनी के एमआईजी साईट में आज एक व्यक्ति द्वारा सेनेटरी अपशिष्ट को सड़क पर डाल दिया गया था, इस पर स्वास्थ्य विभाग के अमले ने कार्यवाही करते हुये संबंधित पर 500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया, जुर्माने की राशि निगम कोष में जमा कराई तथा स्थल की त्वरित साफ-सफाई भी कराई गई।



सेनेटरी वेस्ट की सफाई करते सफाई कर्मी।

### सड़क, नाली में न डालें कचरा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आमजन से अपील करते हुये कहा है कि सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थल पर कचरा न डालें, इससे शहर की स्वच्छता पर प्रतिकूल असर पड़ता है व निगम के साफ-सफाई कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होने कहा है कि अपने शहर गली व मोहल्ले को स्वच्छ व सुंदर रखना, हम सबका सामूहिक व अतिमहत्वपूर्ण दायित्व है, हम इस दायित्व से भाग नहीं सकते, इस दायित्व का निर्वहन हमें पूरी ईमानदारी, इच्छाशक्ति व निष्ठा के साथ करना होगा, तभी हम अपने कोरबा शहर को देश का स्वच्छतम शहर बना सकेंगे।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है।

## खबर संक्षेप

### डीजल खरीदी बिक्री संचालक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पंचर दुकान की आड़ में वाहनों से चोरी का डीजल खरीदने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से चोरी का डीजल जब्त किया गया है। सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली कि नेशनल हाइवे दलदलिहा चौक स्थित पंचर दुकान में भारी वाहनों के ड्राइवरों से सांठगाठ कर चोरी की डीजल खरीदकर महंगे दाम में बेचा जा रहा है। उन्होंने पंचर दुकान में दबिश दी तो 60 लीटर डीजल मिला। संचालक डीजल के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 287 व 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत संचालक कोटा भुण्डा निवासी ईस्माईल खान पिता अख्तर खान 31 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### लू और डायरिया के लिए बनी टीम

**बिलासपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौसमी बीमारियों को लेकर अलर्ट हो चुका है। इस दौरान लू व डायरिया के चपेट में आने वाले मरीजों के लिए बेहतर प्रबंधन के तौर पर सभी ब्लॉक में स्वास्थ्य कर्मचारियों को अलर्ट रहने के लिए गया है। साथ ही आईडीएसपी विंग को प्रत्येक ब्लॉक से ऐसे मरीजों को चिन्हांकित करने और प्रभावित कदम उठाने की जिम्मेदारी दी गई है। रोजाना आईडीएसपी विंग से स्वास्थ्य केन्द्रों में पहुंचने वाले मरीजों की जानकारी ली जा रही है, इस दौरान क्षेत्रों को चिंन्हाकित करने के लिए कहा गया है। साथ ही दवाओं को पूरा स्टाक रखने की हिदायत दी गई है। इस दौरान टीम संबंधित क्षेत्र में सर्वे कर हालत का जायजा लेगी और स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेगी। अर्बन बीएमओ डॉ रक्षित जोगी ने बताया कि गर्मी का मौसम है, ऐसे में जिन बीमारियों के पनपने का अंदेशा है, उसके तहत टीम बनाई गई है। शहरीय क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टीम रहेगी और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी आरएचओ और एएनएम की ड्यूटी लगाई है।

### समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बिलासपुर।** कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 अंतर्गत किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि कल्चर एवं कृषि यंत्र उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सवेरे 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक संचालित रहेगा। बीज, उर्वरक, कीटनाशक औषधि एवं कृषि आदान सामग्री से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए किसान नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकेंगे। उप संचालक कृषि पीडी हथेश्वर ने बताया कि किसानों से प्राप्त शिकायतों और समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07752-470814 है। नियंत्रण कक्ष के संचालन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में अनिल कुमार शुक्ला को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक अधिकारियों में प्रतिभा पाण्डेय (कीटनाशक), विजय धीवर (कल्चर), उमेश कुमार कश्यप (उर्वरक) और प्रेमराज शर्मा (बीज) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। एक सहायक कर्मचारी सहोरीक को भी तैनात किया गया है।

**पुलिस के साए में हुआ मृतक का कफन दफन**

**पेंडरवा के चप्पे चप्पे में तैनात रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारी,पूर्व सरपंच सहित चार गिरफ्तार**

# पूर्व सरपंच ने आरोपी को उज्जैन ले जाकर हत्या के लिए उकसाया, लौटने के बाद हुआ खूनी संघर्ष

**बिलासपुर।** बुधवार की शाम रतनपुर क्षेत्र के ग्राम पेण्डरवा में हुई खूनी संघर्ष में नया मोड़ आ गया है। पुलिस को पता चला है कि गांव का पूर्व सरपंच वारदात के मुख्य आरोपी को दो दिन के लिए उज्जैन लेकर गया, वहां उसने आरोपी को उसकी पत्नी से अवैध संबंध के संदेह पर सलीम उर्फ चांदी की हत्या करने के लिए उकसाया। वहां से लौटने के बाद आरोपी ने अपने दो नाबालिग बेटों के साथ खूनी संघर्ष की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पूर्व सरपंच व दो नाबालिगों सहित उसके पिता सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

1 अप्रैल की शाम 5.30 बजे पेण्डरवा निवासी सुरेश श्रीवास अपनी पत्नी पर पड़ोसी शेख सलीम उर्फ चांदी से अवैध संबंध होने का संदेह करता था। उसने पत्नी को तलाक दे दिया था, बुधवार को बदला लेने के लिए सुरेश श्रीवास अपने दो नाबालिग बेटों के साथ शेख सलीम चांदी खान को जान से मारने के लिए तलवार और दूसरे हथियार लेकर शेख सलीम उर्फ चांदी के घर में घुस गया। उसके नहीं मिलने पर तीनों ने आंगन में पलंग में बैठी उसकी मां मुराद बी 75 साल की तलवार से गला रेतकर जघन्य हत्या कर दी। उसके बाद घर में उपस्थित 6 लोगों पर हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पेण्डरवा का पूर्व सरपंच उमेश श्रीवास सुरेश श्रीवास को दो दिन पहले उज्जैन घूमाने के लिए के लिए गया था। वहां उसने सुरेश श्रीवास को उसकी पत्नी के अवैध संबंध व उसे छोड़कर चले जाने पर सलीम उर्फ चांदी खान की हत्या करने के लिए उकसाया। बताया जाता है पिछले चुनाव में उमेश श्रीवास चुनाव हार गया था। उस दौरान सलीम उर्फ चांदी ने वर्तमान सरपंच अंजनी बैगा के लिए चुनाव प्रचार किया था। चुनाव हार जाने से वह सलीम उर्फ चांदी से रंजिश रख रहा था। बदला लेने के लिए उसने सुरेश श्रीवास को मोहरा बनाया। 1 अप्रैल को सुरेश श्रीवास उज्जैन से लौटा और शाम को खूनी संघर्ष की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103, 109, 332 ए, 61, 2, 3, 5 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी पूर्व सरपंच उमेश श्रीवास पिता सहोरन रीवास 41 साल,सुरेश श्रीवास पिता माघव श्रीवास व उसके दो नाबालिग बेटों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां उमेश व सुरेश को जेल व दोनों नाबालिग को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।


रतनपुर के ग्राम पंडरवा के ग्रामीणों से मामले की जानकारी लेती पुलिस।


पकड़े गए आरोपी।

### पुलिस के साए में मृतक का हुआ कफन दफन

खूनी संघर्ष के बाद रतनपुर पेंडरवा में तीन शिफ्ट में 70 से 80 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। 2 अप्रैल की सुबह से एडीशनल एसपी मधुलिका सिंह, एसडीओपी नुपूर उपाध्याय बल के साथ मृतक के घर में तैनात थे। इसके अलावा गांव के चप्पे चप्पे में पुलिस बल तैनात किया गया था। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव घर लाया गया। इस दौरान भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस के साए में मृतक का गांव में कफन दफन किया गया है।

**सरकंडा में अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक बन रही नाली परेशानी का सबब बनी**

# रफ्तार इतनी सुस्त कि लोगों को रोज कीचड़ धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा में अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक बन रहा सड़क नाली का काम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। पिछले करीब दो महीने से सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण का काम चल रहा है, मगर रफ्तार इतनी सुस्त है कि आमजन को रोजाना कीचड़, धूल और गड्ढों का सामना करना पड़ रहा है।

- लगातार लग रहे जाम से लोगों का इस रास्ते से गुजरना तक मुश्किल, ठेकेदार बरत रहा लापरवाही

नाली खुदाई के बाद मलबा और गीली मिट्टी सड़क पर ही छोड़ दी जा रही है। हालात ऐसे हैं कि दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलना जोखिम भरा हो गया है।



लगातार लग रहे जाम से लोगों का इस रास्ते से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। तिफरा में भी यही हालत है। यदुनंदन नगर में नाली ऐसी खोदी गई कि तीन बिजली खंभे गिर गए और पाइप तोड़ दिया गया। इससे हनुमान मंदिर समेत कई घरों में पानी बंद हो गया। गौरलतब है कि शहर के लिए सड़क निर्माण की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। अशोकनगर-बिरकोना को फोरलेन गौरवपथ बनाया जाएगा। इसके निर्माण पर 16.99 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह निर्माण कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2.1 किलोमीटर फोरलेन रोड, डिवाइडर और नाली का निर्माण होगा। यह शहर का दूसरा गौरवपथ होगा। इसके लिए अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। इस नाली को छात्रावास के आगे बने कल्वर्ट में जोड़ा जाएगा।

### व्यवस्थित काम करने कहा गया है

अशोकनगर चौक से कुर्मी छात्रावास तक और अशोकनगर चौक से ड्रीम इन्क्लेव कालोनी तक 1.7 किमी की सडक और नाली बनाई जा रही है। ठेकेदार को व्यवस्थित काम करने कहा गया है। चौक में काम जारी होने से थोड़ी परेशानी तो हो रही है।

– **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### aनिर्माण एजेंसी की लापरवाही से परेशानी

ध्यान रहे कि यह मार्ग अशोकनगर से बिरकोना और सीपत रोड साइंस कालेज की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। यहां के लोगों ने मांग की है कि तत्काल सड़क समतलीकरण और नियमित पानी छिड़काव किया जाएगा। इसके साथ ही गड्ढों की भराई और सख्त बैरिकेडिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। निर्माण कार्य के दौरान कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि न तो पर्याप्त बैरिकेडिंग की गई है और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। आए दिन कोई न कोई वाहन चालक असंतुलित होकर गिर रहा है। लगातार निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। पानी फव्वारे की तरह सड़क पर बहता रहता है लेकिन देखने वाला कोई नहीं है। हाल यह है कि बिना समन्वय और तकनीकी जांच के खुदाई की जा रही है।

### दुकानदारों और राहगीरों को हो रही दिक्कत

हरिभूमि ने बुधवार को अशोकनगर चौक से लेकर आगे बिजली आफिस और फिर बिरकोना रोड तक के साथ ही कुर्मी छात्रावास तक बन रही सड़क नाली के काम का जायजा लिया तो पाया कि यहां से पैदल गुजरना मुश्किल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि सुबह-शाम स्कूल, दफ्तर और बाजार जाने वालों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बन चुका है। जहां पानी जमा नहीं है, वहां धूल उड़ रही है। खुदाई के बाद न तो नियमित पानी का छिड़काव हो रहा है और न ही सड़क समतलीकरण। हल्की हवा में धूल का गुबार उठता है, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी दिक्कत हो रही है।

# फर्जी बैंक खातों से संचालित मैरिज ब्यूरो का पर्दाफाश



मैरिज ब्यूरो संचालक से जब्त मोबाइल सहित अन्य सामाग्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसीसीयू व सरकण्डा पुलिस ने फर्जी बैंक खातों व मोबाइल नम्बर से संचालित मैरिज ब्यूरो का पर्दाफाश कर दिया है। ब्यूरो मैरिज चलाने वाले 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

- चार आरोपी गिरफ्तार

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, भारतीय सटेट बैंक के खाता धारक सरकण्डा निवासी कल्पना बर्मन का बैंक खाता उनकी बेटी तरूणा उर्फ सोनू खरे के द्वारा उपयोग किया जा रहा था। उक्त बैंक खाते में मैरिज ब्यूरो की राशि जमा कराई जाती थी। पटना बिहार निवासी मिश्रीलाल से भी विवाह के लिए योग्य वधु दिलाने का झांसा देकर 10 हजार रुपए जमा कराया था, किन्तु पैसा मिलने के बाद उन्हें कोई सुविध प्रदान नहीं की गई। उन्हें ठगी का अहसास हुआ तो उन्होने आनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। उसके आधार पर पुलिस बैंक खाता धारक की जानकारी हुई। टीआई श्री आर्या, एसीसीयू प्रभारी तोप सिंह नवरंग, हेमंत आदित्य, गोविंद शर्मा व अन्य ने कल्पना बर्मन से पूछताछ की तो उसने बताया उनका बैंक खाता उनकी बेटी तरूणा उर्फ सोनू उपयोग करती है। उसके आधार पर पुलिस ने तरूणा एवं उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- तरूणा उर्फ सोनू खरे पति स्व. विनोद खरे 40 साल नंदेश्वर मंदिर चांटीडीह
- महारथी साहू पिता वेद प्रसाद साहू 31 साल सैदा नवागण जांजगीर
- फुलेश्वर प्रसाद श्रीवास पिता सियाराम श्रीवास 40 साल रामायण चौक चांटीडीह
- नीरा बाथम पति उमेश बाथम 32 साल अशोकनगर खमतराई

# सुअर का मांस पकाने वाले जेल गए

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने जंगली सुअर के शिकार और मांस पकाने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

डीएफओ नीरज कुमार के निर्देश और उपवनमंडल अधिकारी कोटा अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना देव सिंह मरावी के नेतृत्व में टेंगनमाड़ा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अट्टडा गांव में जंगली सुअर का मांस पकाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी, जहां पका हुआ मांस बरामद किया गया। इसके साथ ही मांस काटने और पकाने में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें एक-एक कर पकड़ लिया गया। आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में



पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें अट्टडा निवासी रूपलाल 29 वर्ष, नितिन 19 वर्ष, संदीप 20 वर्ष, गोविंद 54 वर्ष और रामकुमार 51 वर्ष शामिल हैं। कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में वन विभाग टेंगनमाड़ा के परिक्षेत्र सहायक सूरज मिश्रा, शिवकुमार पैकरा, प्रमोद मिश्रा, शक्ति यादव, कान्हा वर्मा, सुकृता कस्तूरिया, पंकज कुमार साहू, सोमप्रकाश जयसिन्धु, नंदकुमार यादव, गुलशन कैवर्त और संतोष यादव शामिल थे।

# सुनसान जंगल में कार सवार का पीछा कर लूट की कोशिश, दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सुनसान घने जंगल में कार सवार को 7 किलो मीटर पीछा कर चाकू अड़ाकर लूट की कोशिश करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, विचारपुर निवासी हरिल साय टोप्पो पिता स्व. अमरसाय 32 साल 1 अप्रैल की रात गनियारी अस्पताल में एक मरीज को भर्ती कराकर कार से लौट रहे थे। उनके साथ निलिमा तिर्की, रामप्यारी तिर्की थे। रात 10.30 बजे कोचरा मार्ग में घने सुनसान जंगल में नीलगिरी प्लाट के पास बिना नम्बर बाइक सवार युवक चाकू दिखाकर कार रोकने की कोशिश की। हरिल साल तेज रफ्तार में किनारे से निकल गया, जिससे बाइक सवार युवक पीछा करने लगे। 7 किलोमीटर दूर पीछा करते हुए बाइक सवार ओवरटेक कर उनकी कार को रोक लिया। उसके बाद चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे की मांग करने लगे। आवाज सुनकर गांव वाले आए तो दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग गए। 2 अप्रैल का हरिल साय ने घटना की सूचना पुलिस चौकी में दी। प्रभारी श्री ठाकुर ने पतासाजी कर सिद्धांत पाण्डेय उर्फ राजा पिता राहुल पाण्डेय 20 साल गंगानगर बेलगहना, राजकुमार पोर्ते उर्फ सोनू पिता चुन्नीलाल पोर्ते 0 साल करवा बेलगहना निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने लूट की कोशिश करना स्वीकार कर लिया है। उनके पास से वारदात में प्रयुक्त बाइक, दो चाकू बरामद किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 296, 351, 3, 312, 126, 2, 3, 5 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



## जंगल में अतिक्रमण, पकड़े गए फरार आरोपी

**बिलासपुर।** जंगल में अवैध कब्जा करने के बाद अतिक्रमण करने वाले फरार आरोपियों के खिलाफ वन विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

कोटा एसडीओ अनिल भास्करन को सूचना मिली थी कि कुछ लोग जंगल की भूमि पर लगे हरे-भरे पेड़ों को काटकर अतिक्रमण का प्रयास कर रहे हैं। वहीं बिलासपुर डीएफओ नीरज कुमार के निर्देश पर बेलगहना परिक्षेत्र अधिकारी को कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना के नेतृत्व में डिप्टी रेंजर शिवकुमार पैकरा, स्टाफ पंकज साहू, संतकुमार वाकरे, सोमप्रकाश, जय सिंधु, सावन यादव, शैलेन्द्र पोर्ते और अन्य ने मौके पर पहुंचकर देखा कि भेलवातिकारी कक्ष क्रमांक 2252 और 2472 में अवैध पेड़ों की कटाई और छंटाई करते हुए अतिक्रमण किया जा रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ली। इस दौरान वहां 12 अतिक्रमणकारी थे, जिसमें से विभागीय टीम ने दो आरोपियों कोनचरा निवासी तीजराम एवं मनइया पाव को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य मौके से फरार हो गए थे। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद 13 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। वहीं फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर फरार हुए आरोपी सावित्री बाई, यशोदा बाई, माखन पटेल, सुकलाल, लखन सिंह, बालाराम, निराशा बाई, रुखमणि बाई, सुनीता बाई, मोहन लाल सभी निवासी कोनचरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 6 दिनों की न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# पांच किलो गांजा के साथ पकड़ा गया तस्कर, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता एवं जिला आबकारी की संयुक्त टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ गांजा तस्कर को पकड़ा बल्कि उसके पास भारी मात्रा में गांजा जब्त किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम एवं जिला आबकारी की संयुक्त टीम लखनपुर क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि नवापारा अमगसी निवासी कृष्णा सिंह के घर भारी मात्रा में गांजा उतरा है। सूचना पर तत्काल टीम मौके पर पहुंची और नवापारा अमगसी निवासी कृष्णा सिंह के होटल एवं घर में दबिश दी। टीम के अचानक दबिस देने पर कृष्णा सिंह भागने का प्रयास किया लेकिन टीम के सदस्यों ने उसे दौड़ा कर पकड़ लिया। संयुक्त टीम ने कृष्णा के हाथ में पकड़े एक बाल्टी में दो पॉलीथिन में रखे पांच किलो गांजा जब्त की।



## पेड़ से टकराया ट्रेलर, लगी भीषण आग

**अम्बिकापुर।** गुरूवार को अम्बिकापुर-रामानुजगंज नेशनल हाईवे क्रमांक 364 स्थित डूमरखी बैरियर के आगे मोड़ पर एक अनियंत्रित ट्रेलर के सड़क किनारे के पेड़ों से टकराने के कारण विपरीत स्थिति निर्मित हो गई। टक्कर के बाद ट्रेलर में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई।

गुरूवार को अपराह्न 3 बजे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीआर 5772 डूमरखी बैरियर के आगे हाईवे के मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे के विशाल दो पेड़ों से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि दुर्घटना के तत्काल बाद ट्रेलर के इंजन से आग की लपटें उठने लगी तथा ट्रेलर धू-धूकर जलने लगा। गनीमत थी कि ट्रक चालक युसूफ अंसारी (32) समय रहते वाहन से कूद गया था। सूचना मिलते ही पुलिस की हाईवे पेट्रोलिंग टीम पहुंची तथा स्थिति को संभाला।



# नई बनी डामरीकृत सड़क को सात फीट खोदा

**बिलासपुर।** आर के पेट्रोल पंप से रामायण चौक होते हुए रपटा चौक तक हाल ही में डामरीकरण कर नई सड़क बनाई गई है। इसी सड़क को कुछ लोगों ने जानबूझकर खोद दिया गया।

- निगम ने 5 हजार की पेनाल्टी लगाई

स्थानीय लोगों ने निगम से इसकी शिकायत करते हुए बताया कि चांटीडीह जाने वाले मार्ग के पास संतोषी मंदिर के पास सड़क की खुदाई की जा रही है। इसकी जानकारी ली गई तो पाया गया कि खुदाई की अनुमति भी निगम से नहीं ली गई है।मौके पर पहुंचे निगम ने जांच की तो पाया कि नल फिटिंग के लिए 7 फीट गहरा गड्ढा खोद दिया गया है। इससे सड़क की सुरत बिगड़ गई और बड़ा गड्ढा हो गया। इसकी सूचना स्थानीय निवासी शत्रुघ्न चौधरी ने जोन कमिश्नर और अतिक्रमण शाखा को दी। मौके पर पहुंचे अतिक्रमण शाखा के हेल्थ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने खुदाई में प्रयुक्त सामग्री को जप्त करते हुए 5 हजार की पेनाल्टी लगाई है। इसके साथ ही गड्ढे को तत्काल पाटा गया और साथ ही चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसा नहीं किया जाए नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## ख़बर संक्षेप



### बालकोनगर में मना हनुमान जन्मोत्सव

हनुमान जयंती के अवसर पर बालकोनगर के ग्रामीण अंचलों में भी हनुमान चालीसा और अखंड रामायण का पाठ किया गया। नगर से लगे हुए ग्राम बेलाकछार में स्थापित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव समारोह पूरे श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। महाराज महात्मा तिवारी, यजमान राकेश साहू, ज्योत्सना साहू, रेशम साहू, भवानी साहू, उमिका साहू, धनेश्वरी साहू, नीलू पटेल ,अंजू पटेल, जय पटेल सहित बालकोवासी उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक ने भक्तों को खिचड़ी का किया वितरण



सप्तदेव मंदिर प्रांगण में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व सभी हनुमान भक्तों के द्वारा हनुमान जी का सामुहिक सुंदरकांड पाठगायन व महाआरती की गई और वीर बजरंगबली के जयकारे लगाए गए। तत्पश्चात खीचड़ी प्रसाद भंण्डार व शर्बत वितरण का आयोजन किया गया। वहीं कटघोरा के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर भी मंदिर पहुच कर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेकर, सभी भक्तों को खीचड़ी प्रसाद का वितरण किया इस दौरान मदन राठौर, गोपाल यादव,धन्नजय कंवर,दिलीप राठौर,हरसेन महंत,विमल डिक्सेना,तारेश राठौर मयंक राठौर, अनिल टंडन, युवराज सिंह कंवर,बड्डू जी,इशाक खान,कमल डिक्सेना,सोनू नामदेव, लक्की राठौर, शुभम राठौर,आकाश जायसवाल,गौरव शेखर,मनीष तिवारी,घनश्याम श्रीवास, राकेश सोनी, जगदीश अग्रवाल, राजाराम राठौर,विनोद उपाध्याय,विकास डिक्सेना, निखिल राठौर, विक्की जायसवाल, भूपेन्द्र यादव सभी ने हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरण व ग्रहण भी किया और आशीर्वाद लिया।

### महाराणा प्रताप नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर दक्षिणमुखी हनुमान जी की स्थापना



वार्ड क्रमांक 27 महाराणा प्रताप नगर स्थित सिद्धेश्वर शिव मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर महिला समिति द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दक्षिणमुखी संकट मोचन हनुमान जी की स्थापना की गई। इस दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यक्रम में महापौर संजू देवी राजपूत, वार्ड पार्षद वर्षा दिनेश वैष्णव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व पार्षद दिनेश कुमार वैष्णव विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं महिला समिति की ओर से सीमा दुबे, सपना पांडे, कुसुम द्विवेदी, सुषमा द्विवेदी, पाल आंटी, दीपाली घोष, पिंकी चंद्राकर सहित सभी सदस्यों ने पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भगवान हनुमान से सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिले के अधिकांश ....

रात के समय दो पहिया और चार पहिया वाहनों में आमने सामने भिड़ंत हो चुकी है। नगर निगम ने भी ऐसे ब्लैक स्पॉट की जानकारी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दी है। उसके बावजूद इस ब्लैक स्पॉट में निगम ने स्वयं और लोक निर्माण विभाग ने भी किसी भी तरह का संकेतक बोर्ड नहीं लगाया है और न ही मोड़ में सड़क के किनारे झाड़ियों को भी हटाने का काम किया गया। समिति की बैठक में दिए जाने वाले निर्देशों पर किस तरह अमल हो रहा है इसका उदाहरण सीएसईबी और दर्री मार्ग का अंधा मोड़ है।

### बरपाली, जिल्गा...

अधिकारियों को इससे अवगत कराया गया है लेकिन अधिकारी विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने ठोस पहल नहीं कर रहे हैं। बताया जाता है कि लो वोल्टेज की वजह से बरपाली, जिल्गा समेत आसपास के एक दर्जन गांव में पिछले कई दिनों से लो वोल्टेज की वजह से मोटर पंप नहीं चल पाते हैं जिसकी वजह से उन्हें पीने के पानी के लिए दूसरे गांव तक का सफर तय करना पड़ रहा है। हर साल गर्मी आते ही इस क्षेत्र में समस्या इसी तरह बनी रहती है।

## शहर के विभिन्न स्थानों में भोग भंडारे के साथ हनुमान भक्तों ने किया प्रसाद का वितरण

# हनुमान जन्मोत्सव पर हसदेव तट पर गूंजी हनुमान चालीसा, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



पूजा अर्चना करते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को अंचल के विभिन्न स्थानों में स्थापित हनुमान मंदिरों में सुबह से ही हनुमान

**खास बात**

- कटघोरा के हनुमान गढ़ी में अंचल से पहुंचे बड़ी संख्या में भक्त

चालीसा के पाठ के साथ भक्तों ने मारुति नंदन की पूजा अर्चना की। दोपहर से लेकर शाम तक भोग भंडारे के आयोजन में बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। हसदेव नदी के तट में सुबह 10 बजे हनुमान चालीसा के पाठ के साथ गोधुली बेला में शाम को हसदेव आरती की गई।

पवनपुत्र भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पूरे जिले में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अखंड रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा के आयोजन बड़े ही श्रद्धा भाव से किए जा रहे हैं। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारों का आयोजन कर सेवा भाव का भी परिचय दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की। उन्होंने लक्ष्मी नारायण मंदिर दर्री रोड कोरबा, आरपी नगर फेस-2, बजरंग चौक बांकीमोंगरा, नेहरू नगर बालको एम पी नगर कोरबा आदि विभिन्न स्थानों के मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित होकर भगवान श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। इस दौरान जयसिंह अग्रवाल ने प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति व उन्नति की कामना की। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ प्रसाद ग्रहण किया एवं आमजन और गणमान्य नागरिकों से मिलकर हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भगवान श्री हनुमान जी शक्ति, भक्ति और समर्पण के प्रतीक हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सेवा भाव और एकता को बढ़ावा दिया जा सकता है। हनुमान जयंती के इस पावन अवसर पर आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों ने कोरबा में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सेवा भावना का भी सुंदर संदेश दिया है।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित हुए कार्यक्रम



शहर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर फेस-1 दशहरा मैदान के पीछे स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर की 25 वर्ष पूर्ण होने पर धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कालोनी के महिलाओं के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ दिन भर भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। दोपहर बाद मंदिर परिसर में ही भोग भंडारे का आयोजन किया गया। जहां कालोनी के निवासियों के साथ साथ आसपास से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मंदिर की स्थापना कामरूप कामाख्या आसाम के स्व. पुरोहित मुक्ति नाथ झा, सीतामणी के स्व. जगन्नाथ महाराज व छूरी के महाराज समेत बनारस से आए 6 पंडितों द्वारा विधिवत रूप से स्थापना की गई थी। जिसमें सम्राट चक्रवर्ती और अंकिता चक्रवर्ती ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया था।

### सराईसिंगार में खीर पूडी का किया वितरण

मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार एवं हनुमान भक्तों के द्वारा गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराईसिंगार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जी की विशेष पूजा पाठ के उपरांत दोपहर 12 बजे खीर पूडी, बूंदी प्रसाद का वितरण किया गया। सर्वप्रथम पंडित हीरालाल पांडे के द्वारा हनुमान जी की विशेष पूजा पाठ व आरती कराई गई। इसके पश्चात प्रसाद वितरण में मुख्य रूप से कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला मंत्री अजय दुबे, श्यामु खुशाल जायसवाल, चुलेश्वर राठौर, डॉ विजय राठौर, श्रीमती मंजू अजय दुबे, श्रीमती माधुरी राठौर, श्रीमती चंद्रकांता राठौर,मां दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष एवं हनुमान मंदिर के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, जगदीश अग्रवाल,विनोद उपाध्याय, राजाराम राठौर, बड्डू सिंह सहित समिति के सदस्यों के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भोग प्रसाद ग्रहण किया।




### बालको सिद्धेश्वर मंदिर में उमड़ी भीड़

बालको सिद्धेश्वर हनुमान में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर 72 घंटा सीताराम सीताराम जय सीताराम का जाप एवं भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिरों को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। भक्तों ने हनुमान जी को सिंदूर, चमेली का तेल और लड्डुओं का भोग अर्पित किया। कई स्थानों पर शोभायात्राएं भी निकाली गईं, जिसमें भक्त जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारे लगाते नजर आए।



# बिसाहू दास महंत सादा जीवन और उच्च विचार को मानते थे जीवन का उच्चतम मूल्य : महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ के जननेता बिसाहूदास महंत के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बिसाहू दास महंत जनप्रिय राजनेता थे चार बार मध्य प्रदेश में कैबिनेट मंत्री एवं प्रदेश

**खास बात**

- स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति उद्यान में आयोजित की गई 102वीं जयंती



कार्यक्रम में उपस्थित नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री, पूर्व महापौर व अन्य कांग्रेसी।

कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में उनके ऐतिहासिक कार्य निर्वहन की क्षमता को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। वे कबीर पंथी होने के साथ-साथ गांधीवादी विचारक थें। सादा जीवन उच्च विचार की गरिमा को हर हमेशा जीवन की उच्चतम मूल्य मानते थे। सरलता, सहजता एवं मिलन सरिता के वे एक जीवंत प्रतिमूर्ति थे।

उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने स्व. बिसाहूदास महंत स्मृति उद्यान में आयोजित की 102वीं जयंती के अवसर पर विचार रखते हुए कही। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने स्व. बिसाहूदास महंत को याद करते हुए कहा बिसाहू दास अपनी ओजस्वी शैली और कुछ कर दिखाने के जज्बे के कारण वे संसदीय जगत के पुरोधा माने जाते थे। पृथक छत्तीसगढ़ की कल्पना, छत्तीसगढ़ी भाषा की कल्पना, हंसती खिलखिलाती संस्कृति का सपना देखा था स्व. बिसाहूदास महंत ने। उन्होंने कहा कि आज बिसाहूदास महंत हमारे बीच नहीं है लेकिन हम सबको उनके त्यागमय जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। वे राजनीति को सेवा कार्य मानते थे। विद्यार्थी जीवन से ही स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति उनका लगाव था। आज जरूरत है महंत के लोक आदर्शों से प्रेरणा ग्रहण करने की। पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने बिसाहूदास महंत की 102वीं जयंती कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि स्व. बिसाहूदास महंत की स्मृतियों को सहेजना और उनके मानवीय संवेदना के पक्ष को अजागर करना आवश्यक है क्योंकि वे जनसेवक और छत्तीसगढ़ के माटी के लाल बहादुर थे। पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा ने अपने विचार में बताया स्व. बिसाहूदास महंत के विचार, सिद्धांत एवं अनुशासन आज भी सामुदायिक कल्याण के परिपेक्ष में सर्वथा प्रासंगिक है। कटघोरा नगर पालिका के अध्यक्ष राज जायसवाल ने कहा कि स्व. बिसाहूदास महंत ने अपनी कुशाग्र बुद्धि का उपयोग मानव सेवा के लिए, विशेष कर पीड़ितों के लिए किया। वे जितने धीर और गंभीर थे उतने ही विनोद प्रिय थे। कार्यक्रम के शुरूवात में उपस्थितजनों ने स्व. बिसाहूदास महंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी,नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पूर्व अध्यक्ष नत्थु लाल यादव, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, हरीश परसाई, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, ब्लाक अध्यक्षों एवं सभी मंडल अध्यक्षों सहित कांग्रेस नेताओं ने स्व.बिसाहू दास महंत के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# अज्ञात वाहन ने स्कॉर्पियो को मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बीती रात को एक स्कॉर्पियो वाहन को किसी अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे तेज रफ्तार स्कॉर्पियो

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के तरदा के समीप हुआ हादसा

वाहन पलट गई। स्कॉर्पियो वाहन में सवार एक युवक की मौत हो गई है जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल हॉस्पिटल से बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार हादसा उरगा थाना क्षेत्र के तरदा के समीप बुधवार की रात घटित हुई है। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो वाहन में सवार होकर बिलासपुर से कोरबा की ओर आ रहे जिसे अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे स्कॉर्पियो वाहन पलट गई। हादसे के होते ही स्कॉर्पियो वाहन में सवार झारखंड निवासी अरुण यादव 26 वर्ष पिता चंद्रप्रकाश यादव, रायपुर निवासी लोकेश यादव, धमतरी निवासी नागेंद्र कुमार को गंभीर चोट आने पर स्थानीय राहगीरों की मदद से उन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान अरुण यादव की मौत हो गई है जबकि लोकेश यादव और नागेंद्र कुमार को गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। हादसा कैसे और किन परिस्थिति में हुआ यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### धान खरीदी केंद्र प्रबंधक ने खाया जहर

**कोरबा।** कोरबी चौकी क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र में पदस्थ एक प्रबंधक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया है जिसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं मामले को लेकर कोरबी चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने बताया कि पुलिस के पास आत्महत्या करने की सूचना नहीं आयी है सूचना मिलने पर बयान दर्ज किया जाएगा।

### बस ने बाइक सवार दो लोगों को मारी टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार बस के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक मोटरसाइकिल सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक वृद्ध की मौत हो गई है जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अलगीडांड निवासी तिलक राम श्रीवास 87 वर्ष पिता स्व.जगराम श्रीवास अपने एक अन्य साथी हरिहर कंवर के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर घूमने के लिए अपने एक रिश्तेदार के घर गए हुए थे। जहां से वापस लौटने के दौरान पोड़ी उपरोड़ा कदम चौक के पास पहुंचे थे, कि एक अज्ञात बस के चालक ने उनकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया और बस चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में तिलक राम श्रीवास और हरिहर कंवर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गय।। जहां इलाज के दौरान तिलक राम की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दुर्घटना को अंजाम देने वाले बस चालक की तलाश ने पुलिस ने शुरू कर दी है।

# वितरण रजिस्टर पर कार्डधारियों के हस्ताक्षर के साथ फिंगरप्रिंट लेने के बाद भी नहीं दिया गया चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चैतमा

ग्रामीण अंचलों में पीडीएस के चावल वितरण को लेकर चल

**खास बात**

- पाली जनपद के ग्राम पंचायत पटपरा का मामला



फाइल फोटो

रहा शिकायतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिंगरप्रिंट और हस्ताक्षर करने के बाद भी हितग्राही चावल से वंचित हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत पटपरा में सामने आया है। जहां 562 हितग्राहियों के फिंगरप्रिंट और हस्ताक्षर लेने के बाद जनवरी माह में महज 150 एवं मार्च माह में केवल 72 हितग्राहियों को ही चावल दिया गया। जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटपरा का मामला यहां पर जागृति महिला स्वसहायता समूह द्वारा पीडीएस का चावल वितरण किया जा रहा है। जहां माह जनवरी में वितरण रजिस्टर पर 562 कार्ड धारियों को हस्ताक्षर कराकर फिंगर प्रिंट ले लिया गया परंतु 150 कार्डधारियों को चॉवल वितरण किया गया। इसी प्रकार माह मार्च महिने में 72 कार्डधारियों को चॉवल वितरण किया गया। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत पटपरा के सरपंच उप सरपंच एवं ग्रामवासियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी पाली में की गई थी। जिसकी जांच हल्का पटवारी के द्वारा किए जाने के बाद जांच प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी को सौंप दिया गया है किंतु अब तक इस मामले में क्या कार्यवाही हुई वह सामने नहीं आयी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शिकायत पर जांच के बाद कार्यवाही नहीं की जाती है तो कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करने मजबूर हो जाएंगे।

**जारी की गई नोटिस**

मामले की शिकायत आने पर विक्रेता और समूह के रिकार्ड की जांच कर विक्रेता को नोटिस जारी की गई है। जवाब आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

-रविराज, खाद्य निरीक्षक

### शराब के नशे में महिला से मारपीट धमकी, आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। शराब के नशे की हालत में एक युवक ने महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीडित महिला ने अकलतरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 मार्च की रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच मस्जिद मोहल्ला निवासी इब्राहिम खान उर्फ नक्कू उम्र 29 वर्ष शराब के नशे में उसके घर पहुंचा। आरोपी ने महिला के साथ अश्लील गाली-गलौच करते हुए, पैसों की मांग की पैसे नहीं देने पर आरोपी ने महिला और उसकी मां के साथ मारपीट की तथा बाल पकड़कर घसीटा, जिससे दोनों को चोटें आईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने के तहत धारा 296, 351(3), 115(2), 119(1) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। प्रकरण की विवेचना के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण कर गवाहों के बयान दर्ज किए गए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा के नेतृत्व में महिला प्रधान आरक्षक स्वाति गिरोलकर, आरक्षक राज पांडे और रमेश भारद्वाज का योगदान रहा।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### प्रत्येक हिन्दू के घर में भगवत गीता होना चाहिए : अजय

**हरदीबाजार।** ग्राम धतुरा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें व्यास पीठ से पं दयानंद कृष्ण महराज के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। यह आयोजन स्व धीरज कुमार कौशिक की स्मृति में किया जा रहा हैं। आज श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन सनातन संघर्ष समिति के जिला संयोजक एवं भाजपा के जिला मंत्री अजय कुमार दुबे कथा श्रवण करने पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम व्यास पीठ से पं. दयानंद कृष्ण महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात समस्त उपस्थित सनातन बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अत्यंत सौभाग्यशाली लोगों को ही श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि आप अनिवार्य रूप से अपने अपने घरों में श्रीमद्भागवत गीता रखें एवं समय निकाल कर उसका वाचन करें एवं बच्चों को भी प्रेरित करें। श्रीमद्भागवत गीता संपूर्ण जीवन का सार है। इस अवसर पर विशेष रूप से कटघोरा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल, डॉ दुर्गेश कश्यप, अमरनाथ कौशिक, ज्ञानेंद्र कौशिक, बम्हनीकोना के उपसरपंच अशोक कश्यप, श्याम राठौर, छतराम कौशिक एवं समस्त ग्राम वासी एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

### अग्रवाल सभा ने मीरा देवी धनोंदिया को दी श्रद्धांजलि



**कटघोरा।** विगत 27 मार्च को अग्रवाल सभा कटघोरा के संरक्षक सत्यनारायण धनोंदिया के अनुज रामनिवास धनोंदिया की 68 वर्षीय धर्मपत्नी श्रीमती मीरा देवी धनोंदिया का आकस्मिक निधन हो जाने के पश्चात अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति की अगुवाई में सभा के पदाधिकारी एवं सदस्यो की उपस्थिति में उनके निज निवास कारखाना एरिया कटघोरा में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कीया गया एवं दिवंगत पुण्य आत्मा को पुष्पांजलि रूपी श्रद्धासुमन अर्पित की गई एवं शोक संतप्त परिजनों को इस विपरीत परिस्थिति में संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई। इस अवसर अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति उपाध्यक्ष सुरेश बंसल,अनिल अग्रवाल,रमेश अग्रवाल भवानी,सत्यनारायण जिंदल,बजरंग अग्रवाल,मीडिया प्रभारी हितेश गुप्ता सहित धनोंदिया परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### संकुल स्तरीय विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**पंतोरा।** ग्राम पंचायत हेड़सपुर के आश्रित ग्राम बुढ़ना में पंतोरा बुढ़ना संकुल से सेवानिवृत हुए शिक्षक रामलाल कुंभकार प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ना एवं खोलबहारा राम कुर्रे, शास प्राथमिक शाला अंगारखार, शिव कुमार का ग्राम बुढ़ना में विदाई कार्यक्रम मनाया गया। बच्चों शिक्षकों के द्वारा स्वागत सम्मान सप्रेम भेंट किया गया। संकुल प्राचार्य शासकीय उच्च माध्य विद्या पंतोरा पुरुषोत्तम कौशिक अपने पूरे स्टाफ के साथ, संकुल केंद्र पंतोरा व बुढ़ना के सभी विद्यालय के समस्त शिक्षक, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती दिनेश्वरी कंवर उप सरपंच श्रीमती राजू रानू यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा, सनत देवांगन, जिला पंचायत सदस्य अजीत शशि कला सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लाल बहादुर सिंह, राधेश्याम देवांगन उपसरपंच ग्राम पंचायत पंतोरा व पूरे संकुल के छात्र-छात्राएं ,मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाली महिला स्व सहायता समूह बुढ़ना के द्वारा सप्रेम भेंट किया गया।

# स्कूल कैंपस में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की शिक्षा विभाग के पास नहीं है सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

एक ही कैंपस में चलने वाले स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए लागू की गई। बालबाड़ी योजना में शामिल होने के लिए संकुल केन्द्रों ने ऐसे स्कूलों की सूची शिक्षा विभाग में दर्ज नहीं कराने के कारण कई ऐसे स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र हैं जो एक ही कैंपस में चलने के बाद भी बालबाड़ी योजना से बाहर हैं।

पिछले शिक्षा सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा बालबाड़ी योजना लागू की गई थी। यह योजना उन स्कूलों के लिए थी जिनके कैंपस में आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित हैं। इस योजना के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा संकुल प्रभारियों से ऐसे स्कूलों की सूची मांगी गई थी जिसके कैंपस में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। शहर के ही लालघाट, रिस्दा, पाड़ीमार प्राथमिक शाला के नाम बालबाड़ी योजना की सूची से बाहर है। जबकि इन स्कूलों के कैंपस में ही आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। संकुल प्रभारियों की लापरवाही का नतीजा यह निकला कि आंगनबाड़ी केन्द्र की कार्यकर्ता और सहायिकाओं को भी बालबाड़ी योजना की जानकारी नहीं है। काम से बचने के डर से संकुल प्रभारियों ने ऐसे स्कूलों की सूची देने में लापरवाही बरती। इसके अलावा अजगरबहार हायर सेकेंडरी स्कूल के कैंपस में मिडिल स्कूल, प्रायमरी स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र भी संचालित हैं। वह भी बालबाड़ी योजना की सूची में शामिल नहीं हैं। ग्रामीण अंचल के कई ऐसे प्राथमिक स्कूल हैं जिनके कैंपस में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित होने के बावजूद योजना के दायरे से बाहर हैं। यह स्थिति जिले के सभी विकासखंड में नजर आती है।

### एक ही कैंपस में चलने वाले प्रायमरी स्कूल व आंगनबाड़ी के लिए लागू हुई थी योजना

**खास बात**

- संकुल प्रभारियों को सौंपना था एक ही कैंपस में चलने वाले स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची




**फिर से होगा सर्वे**

"बालबाड़ी योजना में पिछले वर्ष संकुल केन्द्रों से ऐसे स्कूलों की सूची मांगी गई थी जिनके कैंपस में आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। पिछले वर्ष जिन स्कूलों के नाम शामिल नहीं हुए थे ऐसे स्कूलों का फिर से सर्वे किया जाएगा।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

**क्या है बालबाड़ी योजना**

स्कूल शिक्षा विभाग की बालबाड़ी योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज ऐसे बच्चे जिनकी उम्र 5 साल से अधिक हो चुकी है उनको प्रायमरी स्कूल के कक्षा पहली में प्रवेश कराने के पूर्व उन्हें स्कूल के वातावरण से अवगत कराने के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों में जाकर प्रायमरी स्कूल के शिक्षकों को 5 वर्ष के बच्चों को स्कूल के संबंध में जानकारी देने के साथ उन्हें पढ़ाने की भी जिम्मेदारी दी गई थी।

### जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण व शहर जिला अध्यक्ष ने केंद्र सरकार पर महंगाई का फोड़ा ठिकरा

# केंद्र सरकार की आर्थिक और कूटनीतिक विफलता के कारण बढ़ रही महंगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केंद्र सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कुटनीतिक विफलता के कारण महंगाई बढ़ती चली आ रही है। शहर जिलाध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि केन्द्र की मोदी (भाजपा) सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस के दाम में 195 रूपये की बढ़ोत्तरी कर दिया है। इसके पहले पिछले माह मार्च में कमर्शियल गैस के दाम में 114 रू की बढ़ोत्तरी किया गया था।

वहीं पिछले सप्ताह घरेलु गैस के दाम में 62 रूपये की बढ़ोत्तरी कर दिया था। श्री राठौर ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेण्डर के दामों में भारी बढ़ोत्तरी से होटल, रेस्टोरेंट, चौपाटी, ठेले, गुमटी के नास्ता-खाना के दामों में निश्चित बढ़ोत्तरी होगी जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। ऐसे में घर-परिवार की आर्थिक संतुलन बिगड़ सकता है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा है कि खाद्य तेल, अनाज सामग्री, दुध आदि सभी के दाम बेतहाशा बढ़े हैं जिससे आम आदमी के किचन का बजट



मुकेश राठौर



मनोज चौहान

बिगड़ गया है। खाद्य तेल 70 रूपये से बढ़ते-बढ़ते 200 रूपया तक पहुंच गया है, वहीं घरेलू गैस सिलेण्डर 350 से बढ़ते-बढ़ते 1000 रूपये तक पहुंच गया है तथा कमर्शियल गैस सिलेण्डर 800 रूपये से बढ़ते-बढ़ते 2000 रूपये तक पहुंचने वाला है। मनोज चौहान ने कहा कि तेल, गेस, अनाज आदि सामाग्रियों के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी से आम आदमी का जीवन स्तर दिनों दिन खराब होते जा रहा है। केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार को आम जनता के परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। एकतरफ चुनिंदा पूंजीपति देश के संसाधन और सार्वजनिक उपक्रम अपने नाम कर रहे हैं, वहीं आम जनता इस महंगाई में परिवार पालने के लिए संघर्ष कर रहा है। देश भर में आर्थिक असमानता सरकार की गलत नीतियों की वजह से ही बढ़ रहा है, वहीं बेलगाम महंगाई से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। ब्लॉक अध्यक्ष पालुराम साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने मनरेगा के नाम रोजगार की कानूनी गारंटी का प्रावधान किया था जिसे मोदी सरकार ने महज योजना में परिवर्तित कर गरीबों का रोजगार का हक छीन लिया है, जिससे आम जनता की कमाई लगातार घट रही है। गरीब और भी गरीब होते जा रहा है।

दर्री ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, बालको ब्लॉक अध्यक्ष ए डी जोशी, कुसमुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष बसंत चंद्रा, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू सहित मंडल अध्यक्षगण मनीष शर्मा, सुकसागर निर्मलकर, जवाहर निर्मलकर, प्रदीप जायसवाल, देवीदयाल सोनी, बुद्धेश्वर चौहान, सुरती कुलदीप, अश्वनी पटेल, रोपा तिर्की एवं इकबाल कुरैशी ने भी बढ़ती महंगाई के लिए केन्द्र सरकार के गलत नीतियों को जिम्मेदार मानते हुए कहा कि पेट्रोल, डीजल, खाद्य तेल, अनाज, गैस, रेल टिकट, स्कूल- कालेज शिक्षा शुल्क, बिजली बिल, पेयजल शुल्क, सफाई कर, संपत्ति कर, जैसे तमाम दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है।

### दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** किराना दुकान में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली के देवाटन बिरगहनी का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी शोभाराम साहू निवासी बिरगहनी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह बिरगहनी चौक में किराना की दुकान चलाता है। दुकान संचालक 31 मार्च की रात में अपनी किराना दुकान में ताला बंद करके अपने घर चला गया था। अगले दिन 1 अप्रैल की सुबह आकर देखा तो इसकी किराना दुकान का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोरों के द्वारा इसकी दुकान में रखें राशन का सामान कीमती 10 हजार को चोरी कर लिया गया। थाना प्रभारी जांजगीर जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में थाना कोतवाली के द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया। जिसमें दो लड़के संदिग्ध हालत में घटना स्थल के आस पास समय घूमते मिले फुटेज का बारीकी से अवलोकन करने पर संदेहियों की पहचान अमित पटेल और राजवीर सिंह निवासी बिरगहनी के रूप में हुई।

### कांग्रेस पार्षदों ने बुधवारी बाजार के निर्माण एवं विकास कार्यो का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू, पार्षद रविसिंह चंदेल, नारायण कुर्रे, बद्री किरण, सुकसागर निर्मलकर, सुभाष राठौर, डॉ. गोपाल कुर्रे आदि ने बुधवारी बाजार के पास निर्माण कराये जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान अनेकों अनियमितता पाई गई । नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु ने सवाल उठाया कि बुधवारी बाजार के पास लोहे का ग्रिल लगाकर थर्मोप्लास्ट (नो पार्किंग) लगाया गया है, वहीं नाली निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इस पर कृपाराम साहु ने कहा कि शीघ्र ही यहाँ गौरव पथ बनना है, जो प्रक्रिया में है। गौरव पथ के निर्माण के समय यहाँ लगे लोहे के ग्रील, थर्मोप्लास्ट और नाली का टूटना लगभग तय है ।ऐसे में जनता के पैसे का दुरूपयोग किसलिए यह समझ से परे है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने बताया कि कोरबा नगर निगम में पिछले 10 वर्षों से ईंट से नाली निर्माण बंद है। पिछले 2 कार्यकाल के दौरान कोरबा निगम क्षेत्र में जितने भी नालियों का निर्माण हुआ, वह सब सीमेंट, छड़, क्रांक्रिट से हुआ है लेकिन बुधवारी बाजार में जल्दबाजी में राखड़ ईंट से नाली का निर्माण कराया जा रहा है, इस निर्माण से कमीशनखोरी की बू आ रही है । कांग्रेस के विपक्ष के पार्षदगण इस मामले की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्यवाई की मांग किया है।

# संयुक्त यूनियन ने नए चार श्रम कानूनों के खिलाफ मनाया काला दिवस




काला दिवस मनाकर विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक संघ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- बालको परसाभाठा में संयुक्त ट्रेड यूनियन का आयोजन

संयुक्त राष्ट्र ट्रेड यूनियनो के आह्वान पर बुधवार को बालको परसाभाटा में संयुक्त यूनियन के द्वारा केंद्र सरकार के द्वारा लागू किए गए 4 श्रम कोड बिल के खिलाफ में काला दिवस मनाया गया क्योंकि 1 अप्रैल को मजदूरो का शोषण करने के लिए श्रम कानून लागू कर दिया गया है इस परिपेक्क्ष पर परसाभांठा आजाद चौक बालको में संयुक्त यूनियन के द्वारा मिलकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, 4 श्रम कोड विल रद्द करने और मजदूरों के पक्ष में कानून बनाने के लिए कहा गया और साथ ही नारे भी लगाया गया, कार्यक्रम में सीटू के अध्यक्ष सुखोंदु घोष, (एटक) महासचिव सुनील सिंह, उपाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, सीटू के महासचिव अमित गुप्ता, नागराज, नितेष, सुरेश साहू, एसएमएस के महासचिव संतोष प्रजापति, इंटक, नाम्स, सभी यूनियनों ने केंद्र सरकार के द्वारा लागू 44 श्रम कानून को चार श्रम कोड में बदल दिया गया है इसके विरोध में सभी यूनियनों ने यही कहा की, 4 श्रम कोड बिल मजदूरों के लिए नुकसान है मजदूरों के सारे हक अधिकार छीन लिए गए यूनियन बनाने में कठिनाई होगा, फिक्स टार्म एम्पलाईमेंट लागू कर दिया गया है। अन्य बहुत ऐसे सारे नुकसान है जिसको मंच से आने वाले समय में जब 4 श्रम कानून को लेकर बड़ा आंदोलन होगा तो परसाभाटा में आम सभा कर लोगों को जागरूक कर 4 लेबर कोड मजदूरों के लिए कितना नुक्सान इसकी जानकारी दी जाएगा और कहा कि एक जूटता होकर इस श्रम कानून के खिलाफ लड़ने की जरुरत है।

# कटघोरा विधायक ने भू-विस्थापितों के हक में उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- एसईसीएल के नियमों में बदलाव की रखी मांग

कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल ने कोयलांचल के भू-विस्थापित परिवारों को न्याय दिलाने और उनके रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए एक निर्णायक कदम उठाया है विधायक पटेल ने एस.ई.सी.एल. के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर वर्तमान रोजगार नीति में व्यापक संशोधन करने की मांग की है।



प्रेमचंद पटेल

विधायक पटेल ने पत्र में उल्लेख किया कि कोल इण्डिया की वर्तमान नीति के तहत केवल 20 प्रतिशत प्रभावितों को ही स्थायी रोजगार मिल पा रहा है जबकि 80 प्रतिशत लोग रोजगार से वंचित रह जाते हैं इसके कारण क्षेत्र में आए दिन आंदोलन और खदान बंदी की स्थिति निर्मित होती है जिससे न केवल उत्पादन प्रभावित होता है बल्कि देश को राजस्व की भी हानि होती है। विधायक ने भू-विस्थापितों के आर्थिक सशक्तिकरण महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं जिसमें वर्तमान में भू-विस्थापित फर्मों और सहकारी समितियों के लिए 5 लाख रुपये तक के टेंडर आरक्षित हैं विधायक ने इसे बढ़ाकर न्यूनतम 20 लाख रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में टेंडर की अधिकतम सीमा को 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने की मांग की गई है ताकि स्थानीय लोग बड़े कार्यों में सहभागिता कर सकें, चूंकि अब अधिकांश कार्य आउटसोर्सिंग से हो रहे हैं इसलिए निविदा शर्तों में यह अनिवार्य किया जाए कि आउटसोर्सिंग कंपनियां प्रभावित गांवों और क्षेत्रों के कम से कम 80 प्रतिशत बेरोजगारों को नौकरी दें। एसईसीएल में लगने वाले सभी चार पहिया वाहनों के टेंडर शत-प्रतिशत भू-विस्थापितों के लिए आरक्षित किए जाएं। विधायक पटेल ने इस विषय की गंभीरता को देखते हुए इसकी प्रतिलिपि केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी, कोरबा कलेक्टर और एसईसीएल गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधकों को भी प्रेषित की है।

### अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने विभूति



**पाली।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा प्रकोष्ठ की कमान युवा नेतृत्व को सौंपी गई है। महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा की अनुशंसा पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मिलिंद चंद्राकर ने विभूति कश्यप को प्रदेश महासचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है। विभूति कश्यप विगत एक दशक से राजनीति और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय हैं। वर्तमान में वे भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ में प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी का दायित्व संभाल रहे हैं। सामाजिक स्तर पर भी उनकी सक्रियता उल्लेखनीय है; वे छत्तीसगढ़ कुर्मी चेतना मंच में प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ बैसवाड़े कुर्मी क्षत्रिय समाज युवा प्रकोष्ठ रतनपुर राज में 'सह सचिव' के रूप में समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780


### बालको के मुख्य कार्यकारी एवं निदेशक ने किया वॉकवे का उद्घाटन

# बालको टाउनशिप में फॉरेस्ट वॉकवे बना प्रकृति और स्वास्थ्य का नया केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) द्वारा टाउनशिप में प्रकृति से जुड़ाव को मजबूत करने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित बालको फॉरेस्ट वॉकवे का उद्घाटन कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा मनीषा कुमार तथा बालको के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कंपनी एवं व्यावसायिक साझेदारों के कर्मचारी उपस्थित थे।

लगभग 785 मीटर लंबे इस फॉरेस्ट वॉकवे को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है कि लोग हर कदम पर प्रकृति की



वॉकवे का उद्घाटन करते बालको सीईओ व अन्य।

विविधता का अनुभव कर सकें। वॉकवे के दोनों ओर विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाए गए हैं, जो न केवल हरियाली बढ़ाते हैं बल्कि वातावरण को शुद्ध और शांत बनाते हैं। इन पेड़ों की छाया और प्राकृतिक सुंदरता वॉकवे को एक सुकून भरा अनुभव प्रदान करती है। फॉरेस्ट वॉकवे केवल एक पथ नहीं, बल्कि एक सोच है, एक ऐसा प्रयास जो टाउनशिप निवासियों को प्रकृति के करीब लाने, फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। बालको टाउनशिप में लगातार हो रहे सुधार और सौंदर्यीकरण प्रयासों के तहत यह फॉरेस्ट वॉकवे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह टाउनशिप के सकारात्मक परिवर्तन की कहानी को आगे बढ़ाती है और समुदाय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक और कदम है। कंपनी के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको फॉरेस्ट वॉकवे केवल एक इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि कंपनी की सोच और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हम मानते हैं कि प्रकृति के साथ बिताया हर पल हमारे जीवन को बेहतर बनाता है, चाहे वह स्वास्थ्य हो, मानसिक शांति हो या पर्यावरण के प्रति जागरूकता। यह वॉकवे टाउनशिप में एक संतुलित, स्वस्थ और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उन कर्मठ कर्मचारियों और बिज़नेस पार्टनर्स के योगदान को भी सराहा गया, जिनकी मेहनत और समर्पण से यह वॉकवे संभव हो सका। बालको प्रबंधन ने भविष्य में भी टाउनशिप में ऐसे और विकास कार्यों एवं सुधारों को जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे स्थानीय नागरिकों लिए एक स्वस्थ, सुंदर और समृद्ध वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।



कैलाश मानसरोवर यात्रा
25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411